RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 02 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 260 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# राज्य की लाडकी बहन द्वारा प्रिय भाई मानना सबसे बड़ा सम्मान - शिंदे

## शिवसेना के अध्यक्ष का लाडकी बहन योजना को लेकर बड़ा बयान

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और शिवसेना के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने लाडकी बहन योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि राज्य की लाडकी बहन (महिलाओं) द्वारा उन्हें अपना प्रिय भाई मानना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है. गौरतलब है कि महिलाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए लाडकी बहन योजना की शुरूआत पिछली सरकार में हुई थी. तब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री थे. माना जाता है कि इस योजना का महायुति की जीत में अहम योगदान रहा. हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी मिलकर चुनाव लड़ी और बड़ी जीत हासिल की. इसके बाद बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री बद की शपथ ली.



**सीएम नहीं बनने पर क्या बोले एकनाथ शिंदे?**

अजित पवार और शिंदे इस सरकार में डिप्टी सीएम हैं. न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात ठाणे जिले में दिवा महोत्सव में भाग लिया और यहां उन्होंने मुख्यमंत्री से उप-मुख्यमंत्री बनने के बारे में टिप्पणी की. शिंदे ने कहा, ''मुझे गर्व और खुशी है कि 2.40 करोड़ लाडकी बहनों ने मुझे लड़का भाऊ (प्यारा भाई) के रूप में पहचाना है. यह बड़ा सम्मान है. शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है और पिछले ढाई वर्षों (महायुति शासन) में राज्य ने प्रगति की है.

### देवेंद्र फडणवीस को कहा- थैंक्यू...

शिंदे ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने राज्य और महायुति गठबंधन को लगातार सभी अपेक्षित समर्थन दिए हैं, जिससे हम बाधाओं को दूर करने और रुकी हुई परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम हुए हैं.'' शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उनके अटूट समर्थन के लिए फडणवीस का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, ''उपमुख्यमंत्री के रूप में मैं इस समर्थन का बदला चुका रहा हूं और साथ मिलकर हम महाराष्ट्र को अभूतपूर्व विकास की ओर ले जाना चाहते हैं.''

# साल के पहले दिन राज ठाकरे का आक्रामक पोस्ट...

## 'विधानसभा चुनाव में जो हुआ भूल जाओ, मैं जल्द ही...'



**मुंबई :** देश और दुनिया नए साल का जश्न मना रही है. इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने साल के पहले ही दिन आक्रामक पोस्ट किया है. उन्होंने मराठी, हिंदू और महिलाओं को लेकर कहा है कि अगर इन पर हमला करता है तो वह एक्शन लेंगे. मनसे चीफ राज ठाकरे ने नए साल की शुभकामनाओं के साथ अपने पोस्ट में कहा, ''कोई किसी मराठी पर हमला करता है, तो मैं मराठी के रूप में वापस आऊंगा और अगर किसी हिंदू व्यक्ति पर हमला होता है, तो मैं हिंदू के रूप में वापस आऊंगा, यही हम कर रहे हैं.''

**'मराठी लोग असुरक्षित कर रहे महसूस''**

उन्होंने आगे कहा, ''मराठी लोग मुंबई जैसे महानगर में असुरक्षित महसूस करते हैं, जो महाराष्ट्र की राजधानी है. युवक-युवतियों को न सिर्फ हाथ लग रहा है बल्कि साथ ही राज्य के बाहर से आए लोगों को नौकरी के अवसर भी मिल रहे हैं. बेरोजगार व्यक्ति की कोई जाति नहीं होती, लेकिन उसे जाति का अहसास दिलाकर जातियों में झगड़े कराना, किसान से लेकर सभी मेहनतकश लोगों की जिंदगी महंगाई से तबाह हो रही है और लोग इस और हर दूसरे मुद्दे के समय महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को याद करते हैं, लेकिन वास्तविक मतदान के समय पार्टी को भूल जाते हैं.''

**'जो हुआ उसे भूल जाओ'**

राज ठाकरे ने पोस्ट के जरिए कहा, ''23 नवंबर 2024 को विधानसभा नतीजों के बाद मैंने कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया, लेकिन जानबूझकर राजनीतिक टिप्पणी से परहेज किया. मैं अभी भी इस पर विचार कर रहा हूं कि वास्तव में क्या हुआ था और मैं जल्द ही इसके बारे में विस्तार से बात करूंगा. लेकिन मेरी महाराष्ट्र के सैनिकों से अपील है कि जो हुआ उसे भूल जाओ.'' बता दें कि राज ठाकरे पार्टी की शुरूआत से ही मराठी और हिंदुत्व का मुद्दा आगे लेकर चल रही है. विधानसभा चुनाव मे भी राज ठाकरे ने मस्जिदों पर लगे लाउड स्पिकर को लेकर बयान दिया था. दूससरी तरफ कंटेंगे तो बंटेंगे के नारे का समर्थन भी किया.

**नगर निगम चुनाव से पहले हुए एक्टिव**

वहीं अब साल 2025 में महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव होने जा रहै हैं, ऐसे मे राज ठाकरे की फिर एक बार हिंदुत्व और मराठी वाली लाइन चुनाव की तैयारी की तरफ बढती दिख रही है. राज ठाकरे ने लोकसभा चुनाव मे बीजेपी को समर्थन दिया था तो विधानसभा चुनाव मे अकेले के दम पर लड़े थे. लेकिन विधानसभा चुनाव मे राज ठाकरे को करारी हार मिली. अब राज ठाकरे नगर निगम चुनाव के लिए माहौल बनाने की तैयारी में हैं.

# जालना में दर्दनाक सड़क हादसा, खड़े ट्रक से टकराई कार, परिवार के 4 लोगों की मौत

**जालना:** महाराष्ट्र के जालना जिले में बड़ा हादसा हो गया है। हाईवे पर एक कार खडे.ट्रक से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जालना जिले के महाकाल के पास सोलापुर-धुले हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे परिवार के 4 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यह परिवार नए साल का जश्न मनाने के लिए अक्कलकोट से गणपुर जा रहा था। हादसे के दोनों घायलों को छत्रपति संभाजी नगर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित अक्कलकोट की यात्रा के बाद छत्रपति संभाजीनगर लौट रहे थे।

# मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने नए साल पर 17800 गाड़ियों पर लगाया जुमार्ना...

## वसूले 89 लाख रुपये



**मुंबई :** नए साल के मौके पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस के खजाने में 89.19 लाख रुपये आए. दरअसल, ये पैसे नए साल के जश्न के दौरान नियमों की अनदेखी के चलते लगाए गए फाइन के तौर पर आए. एक अधिकारी ने बुधवार (1 जनवरी) को बताया कि मुंबई पुलिस ने 17 हजार 800 गाड़ियों को चालान काटा. मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर की शाम से बुधवार की सुबह के शुरूआती घंटों तक गश्त की.

**बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई**

ट्रैफिक अधिकारी ने बताया कि ड्रंक ड्राइविंग, यातायात में बाधा पहुंचाना, बिना हेलमेट के बाइक चलाना, ट्रैफिक सिग्नल को तोड़ना और वन-वे रोड में घुसना ये वो मामले रहे जिनमें कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया. कई बाइक सवार को स्पीड नियमों के उल्लंघन के चलते भी जुमार्ना लगाया गया. बिना सीट बेल्ट पहने गाड़ी चलाने वालों और फोर-व्हीलर चलाने के दौरान मोबाइल पर बात करते हुए भी कई लागों को पाया गया और उनसे फाइन वसूला गया.

**कुल 89 लाख 19 हजार 750 रुपये फाइन वसूल गए**

ट्रैफिक पुलिस ने कुल 89 लाख 19 हजार 750 रुपये फाइन वसूले. नए साल का जश्न मनाने के लिए गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, बांद्रा बैंडस्टैंड और जुहू चौपाटी सहित मुंबई के प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए. अधिकारी ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा कड़ी की गई थी.

बता दें कि नए साल के जश्न को लेकर मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में रही. गेटवे ऑफ इंडिया और मरीन ड्राइव पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. पुलिस ने तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम और पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई थी. पुलिस ने गेटवे ऑफ इंडिया के आसपास नोटिस बोर्ड लगाए और सफेद पर्दे से इस क्षेत्र को घेर दिया था.

## संपादकीय...



# नए वर्ष में राजनीति की रंगत...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

नए वर्ष का स्वागत अनेक आशाओं के साथ अवश्य किया जा रहा है, लेकिन बीता वर्ष बता रहा है कि इस नए वर्ष में टकराव की राजनीति जारी रहेगी। शायद आपसी तल्खी और बढ़ जाए। 2024 राजनीतिक विरासत ही कुछ ऐसी छोड़ कर जा रहा है। वैसे राजनीतिक टकराव की नींव वर्ष 2023 में ही तब पड़ गई थी, जब दो दर्जन विपक्षी दलों ने आईएनडीआईए बनाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गौतम अदाणी के जरिये सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार किया, जिनकी साख भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी रही है। बीच-बीच में उजागर अंतर्विरोधों के बावजूद आईएनडीआईए 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम बहुमत पाने से वंचित करने में सफल भी रहा, पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मित्रों की बदौलत मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। फिर भी लगातार दो लोकसभा चुनावों में पस्तहाल रहे विपक्ष को संजीवनी तो मिल ही गयी। उसका असर भी नई संसद के पहले सत्र में दिखा, जब विपक्ष ज्यादा आक्रामक दिखा, पर फिर समीकरण बदल गए। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में प्रचंड जीत से भाजपा ने विपक्ष के उत्साह की हवा निकाल दी। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के आक्रामक तेवर भी लौट आए तो आईएनडीआईए में तकरार दरारों में तब्दील होती दिखी। संसद के बीते सत्र में भीमराव आंबेडकर का मुद्दा भी जुड़ गया।

यह तय है कि नए वर्ष में वक्फ बोर्ड और एक देश-एक चुनाव विधेयक पर भी जोर आजमाइश जारी रहेगी और समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर भी राजनीति गरमाएगी। इस सबकी छाया वर्ष 2025 पर पड़ेगी ही। आंबेडकर मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा-कांग्रेस सांसदों में हुई धक्का-मुक्की मामले में राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है। यह मामला पिछली लोकसभा में मानहानि मामले में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा-कांग्रेस में चले टकराव के दूसरे संस्करण का रूप ले सकता है। भाजपा मामले को कानूनी रूप देना चाहेगी, जबकि कांग्रेस राजनीतिक। हालांकि अदाणी और ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस आईएनडीआईए में अकेली पड़ती दिख रही है, लेकिन आंबेडकर के मुद्दे को वह फिर 'गेम चेंजर' बनाना चाहेगी। साझा लाभ देख कर आईएनडीआईए भी आंबेडकर के मुद्दे पर एक स्वर में बोलता नजर आएगा। इसकी पुष्टि इससे होती है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने भगवान का अपमान बताते हुए आंबेडकर के नाम पर स्कालरशिप शुरू करने का ऐलान कर दिया है। निःसंदेह भाजपा भी शांत नहीं बैठने वाली। जाहिर है इस मसले पर टकराव आगे भी देखने को मिलेगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : राज्य सरकार की विशेष सहायता योजनाओं का अनुदान लाभार्थियों को प्रदान किया जाए - फडणवीस



**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार की विशेष सहायता योजनाओं का अनुदान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए लाभार्थियों को प्रदान किया जाए। उन्होंने संजय गांधी निराधार योजना और श्रावणबाल सेवा राज्य निवृत्तिवेतन योजना की आर्थिक सहायता का अनुदान डीबीटी पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में देने के लिए प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने राज्य अतिथिगृह स'ाद्री में सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के 100 दिनों के कार्य योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पात्र निराश्रितों को राहत मिलती है। मगर निराश्रितों को योजनाओं का लाभ देने में होने वाले विलंब को टाला जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को मिल सके। इसके लिए योजनाओं के मौजूदा नियम और शर्तों में संशोधन किया जाए। फडणवीस ने कहा कि सरकारी छात्रावास की इमारतों का आवश्यकता के अनुसार मरम्मत कार्य किया जाए।

छात्रावास के विद्यार्थियों को दिए जाने वाली सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। छात्रावास की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन करें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पोर्टल जल्द शुरू करें फडणवीस ने कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए जल्द से जल्द पोर्टल शुरू करें। सामाजिक न्याय विभाग के अधीन सभी महामंडलों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करें। गन्ना पेराई सीजन के लिए करें एआई का इस्तेमाल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में चीनी के पेराई सीजन के अचूक अनुमान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करें। सहकारिता विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना पेराई सीजन में गन्ना क्षेत्र, गन्ना उत्पादन और गन्ने की उत्पादकता का अचूक अनुमान लगाने के लिए एआई, रिमोट सेंसिंग (आरएस) और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) का उपयोग किया जाए। फडणवीस ने कहा राज्य के सभी सहकारी गृह निर्माण संस्थाओं का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण करने पर जोर दिया जाए।

# चारकोप इलाके में कूड़ेदान में मिला सात महीने का भ्रूण...



**मुंबई :** एक कूड़ेदान में सात महीने का भ्रूण मिलने से लोग सन्न रह गए. दरअसल, एक राहगीर की नजर सड़क किनारे रखे कूडेदान पर पड़ी. जिसमें एक भ्रूण पड़ा था. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. तब जाकर पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया. यह मामला मुंबई के चारकोप इलाके का है. जहां अष्टविनायक सोसायटी की बिल्डिंग के कूड़ेदान में एक राहगीर ने भ्रूण को देखा और इसके बाद पुलिस को सूचना दी. चारकोप थाना पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया.

# मुंबई : साइबर जालसाजों ने 68 वर्षीय महिला से 1.25 करोड़ रुपये ठग लिए




**मुंबई :** साइबर जालसाजों ने 68 वर्षीय महिला पर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाकर पैसे देने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता गोरेगांव शहर की रहने वाली है और अपने पति के साथ रहती है। नवंबर में क्राइम ब्रांच के साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत में एक अधिकारी ने बताया कि उसे एक अज्ञात महिला का फोन आया, जिसने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अधिकारी बताया। उसने पीड़िता को क्रेडिट कार्ड का बकाया न चुकाने पर केस दर्ज कराने की धमकी दी और हैदराबाद पुलिस से बात करने को कहा।

इसके बाद कॉल करने वाले ने उसका नंबर किसी दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। व्यक्ति ने दावा किया कि उसके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल हैदराबाद में 500 करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी में किया गया और उसके खाते में 20 लाख रुपये जमा किए गए। इसके बाद व्यक्ति ने महिला से कहा कि वह कॉल को सीबीआई अधिकारी को ट्रांसफर कर रहा है, जिसने पीड़िता महिला को वीडियो कॉल किया और उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी। जालसाजों ने पीड़िता से उसकी गिरफ्तारी के बारे में गोपनीयता बनाए रखने और अपने घर पर रहने को कहा।

उन्होंने उसके पति सहित किसी भी रिश्तेदार को सूचित न करने को कहा। अधिकारी ने बताया कि जालसाजों ने उससे कहा कि अगर वह खुद को गिरफ्तार होने से बचाना चाहती है, तो उसे दिए गए बैंक खातों में पैसे जमा करने होंगे, जिसके बाद महिला ने एक महीने के भीतर करीब 1.25 करोड़ रुपये जमा कर दिए। हालांकि, बाद में पीड़िता को अखबार में डिजिटल गिरफ्तारी के बारे में एक खबर मिली, जिसके बाद उसे एहसास हुआ कि साइबर जालसाजों ने उसके साथ भी धोखाधड़ी की है। उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया, जिन्होंने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, उन्होंने कहा कि जांच चल रही है।

# लीलावती ट्रस्ट में 500 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप...

## 9 जनवरी 2025 को मामले की अगली सुनवाई !




**मुंबई :** लीलावती अस्पताल के ट्रस्टियों और एचडीएफसी बैंक द्वारा कथित उत्पीड़न से पूर्व ट्रस्टी किशोर मेहता की मौत का मामला बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचा है। उन पर एवं उनके परिवार लीलावती ट्रस्ट में 500 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप है। दो ट्रस्टियों ने याचिकाएं दायर कर बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के उनके खिलाफ नोटिस जारी करने और पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने को चुनौती दी गई है। अदालत ने याचिकाकताओं को याचिकाओं में बदलाव कर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की कांपी जोड़ने का निर्देश दिया है। 9 जनवरी 2025 को मामले की अगली सुनवाई रखी गई है।

न्यायमूर्ति नीता केदार गोखले और न्यायमूर्ति अश्विन भोबे की पीठ के समक्ष आयुष्मान मेहता और चेतन मेहता की याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिकाओं में दावा किया गया है कि पूर्व ट्रस्टी किशोर मेहता, उनके परिवार और महोति माथुर द्वारा करोड़ों रुपए के घोटाले से बचने के लिए तरह-तरह के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने याचिकाकताओं को 29 नवंबर 2024 को समन और 12 दिसंबर 2024 नोटिस जारी किया। याचिकाओं में इसे रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

शिकायतकर्ता मोहित माथुर की ओर से पेश आबाद पोंडा ने पीठ को बताया कि बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर बांद्रा पुलिस ने लीलावती ट्रस्ट के ट्रस्टियों और एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। आरोप है कि अस्पताल ट्रस्टियों और बैंक वसूली विभाग द्वारा किशोर मेहता को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे उनकी 20 मई 2024 को मौत हो गई। इसके बाद पीठ ने याचिकाकताओं को याचिका में बदलाव कर उसमें एफआईआर की कापी जोड़ने का निर्देश दिया है।

# मुंबई में प्रॉपर्टी बिक्री और राजस्व ने बनाए नए रिकॉर्ड, बड़े और प्रीमियम घरों की मांग में इजाफा...

**मुंबई:** वर्ष 2024 के दौरान मुंबई में प्रॉपर्टी की बिक्री से सरकार की आय ने नया रिकॉर्ड बनाया। मुंबई ने 2024 में 141,302 से ज्यादा संपत्तियों का पंजीकरण दर्ज किया, जो पिछले साल की तुलना में 11% अधिक है। इस साल स्टांप ड्यूटी से 12,150 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय हुई, जो पिछले साल की तुलना में 12% अधिक है। वर्ष 2024 में संपत्ति बिक्री पंजीकरण और उससे प्राप्त हुआ राजस्व, दोनों 13 साल के हाई पर हैं।

संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मुंबई शहर में दिसंबर 2024 में 12,518 संपत्ति पंजीकरण दर्ज किए जाने का अनुमान है, जिससे राज्य के खजाने में 1,154 करोड़ रुपये का राजस्व आएगा। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संपत्ति पंजीकरण में 2% की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्टांप शुल्क संग्रह में साल-दर-साल 24% की



मजबूत वृद्धि हुई। यह वृद्धि उच्च मूल्य वाले लेनदेन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के कारण हुई है।

अनुक्रमिक आधार पर (महीने-दर-महीने), दिसंबर 2024 में संपत्ति पंजीकरण में 23% की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में संपत्ति पंजीकरण से स्टांप शुल्क संग्रह में 25% की वृद्धि हुई। दिसंबर में कुल पंजीकरण में आवासीय संपत्तियों का हिस्सा 80% रहा। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि मुंबई का प्रॉपर्टी बाजार अपनी लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन जारी रखता है। पंजीकरण और राजस्व में लगातार वृद्धि मजबूत मांग को दशार्ती है, खासकर प्रीमियम और बड़े घरों के लिए। दिसंबर 2024 में, मुंबई ने 12,145 संपत्ति पंजीकरण दर्ज किए, जो महीने-दर-महीने 23% की वृद्धि को दशार्ता है। पूरे वर्ष (जनवरी से दिसंबर 2024) के लिए पंजीकरण मजबूत रहे, जिससे संपत्ति पंजीकरण में 11% की सालाना वृद्धि हुई और एक दशक में सबसे तेज 12% राजस्व वृद्धि दर्ज की गई। यह प्रवृत्ति होमबायर्स की गुणवत्ता और मूल्य को प्राथमिकता देने वाली विकसित वरीयताओं को दशार्ती है।

डेटा मुंबई के रियल एस्टेट बाजार को आर्थिक गतिविधि के प्रमुख चालक और एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश के रूप में स्थापित करता है।

### महंगे घरों की मांग में तेजी

शहर में महंगी संपत्तियों के पंजीकरण में लगातार वृद्धि हो रही है। दिसंबर 2024 में 2 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाली संपत्तियों का पंजीकरण 23% था, जबकि दिसंबर 2023 में यह 18% था। इस सेगमेंट में कुल 2,879 संपत्तियों का लेनदेन हुआ, जो प्रीमियम रियल एस्टेट की ओर बढ़ते झुकाव को दशार्ता है। इसके विपरीत, 50 लाख रुपये से कम मूल्य वाली संपत्तियों के पंजीकरण में गिरावट आई है। यह आंकड़ा 30% से घटकर 25% पर आ गया, जो उच्च-मूल्य वाले सेगमेंट की ओर खरीदारों की प्राथमिकताओं में बदलाव को दशार्ता है। 1,000-2,000 वर्ग फीट के अपार्टमेंट्स की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है। इनकी हिस्सेदारी 8% से बढ़कर 12% हो गई है, जबकि 2,000 वर्ग फीट से अधिक वाले अपार्टमेंट्स की हिस्सेदारी 2% पर स्थिर रही।

# मुंबई : प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल की मनाही

## दुकानदार ही नहीं ग्राहक पर भी 500 रुपए जुमार्ना...


**मुंबई :** मनपा (बीएमसी) के सभी मार्केट में बुधवार, एक जनवरी से प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल की मनाही है। पॉलिथीन बैग मिलने पर दुकानदार ही नहीं ग्राहक पर भी 500 रुपए जुमार्ना लगाया जाएगा। प्रशासन ने मुंबईकरों से अनुरोध किया है कि खरीदारी के लिए जाएं तो कपड़े का बैग साथ ले जाना न भूलें। बीएमसी उपायुक्त संजोग कबरे ने कहा कि प्लास्टिक थैलियों की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इससे प्रदूषण भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकानदार के पास तीन बार प्लास्टिक की थैली मिलेगी तो उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। महानगर में बीएमसी के 91 मार्केट हैं। राज्य में पहली बार 2018 में प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके बाद जुलाई, 2021 में 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक थैलियों पर पाबंदी लगाई गई। दिसंबर, 2022



में 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक की थैलियों को प्रतिबंधित किया गया। अब मनपा ने अपने सभी बाजारों में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रोक के बावजूद धड़ल्ले से इस्तेमाल महाराष्ट्र में 2018 से प्लास्टिक थैलियों और थमाकोल के उत्पादन, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक है। इसके अनुसार प्लास्टिक की थाली, कप-प्लेट, ग्लास, कांटा-चम्मच, कटोरी, स्ट्रॉ, कटलरी, स्प्रेडशीट्स, प्लास्टिक पाउच का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

# बिल्डर आशीष दोशी को 3 करोड़ 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में अंतरिम संरक्षण




**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट से बिल्डर आशीष दोशी को 3 करोड़ 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में अंतरिम संरक्षण मिला है। पिछले सप्ताह सेशन कोर्ट ने दोशी की अग्रिम जमानत याचिका को रद्द कर दिया था। एंटॉप हिल पुलिस में उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेसन की अवकाश कालीन पीठ के समक्ष आशीष दोशी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने दोशी को 9 जनवरी 2025 तक संरक्षण प्रदान किया और उन्हें अग्रिम जमानत के लिए नियमित अदालत में जाने का निर्देश दिया। इस दौरान पीठ ने शिकायतकर्ता मेहुल शाह को प्रतिवादी के रूप में शामिल करने की अनुमति दी। पीठ ने प्रक्रियागत खामियों के लिए जांच अधिकारी को फटकार लगाई।

याचिकाकर्ता दोशी समेत चार लोगों के खिलाफ एंटॉप हिल पुलिस स्टेशन में एक वित्त कंपनी से 3 करोड़ 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। यह मामला जीउस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा लिए गए 20 करोड़ रुपए के कर्ज से जुड़े हैं, जिसके दोशी और उनकी पत्नी पूनम निदेशक हैं। शिकायतकर्ता मनीष शाह और मेहुल शाह ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने कर्ज समझौते का उल्लंघन करते हुए गिरवी रखे गए कुछ एसआरए फ्लैटों को तीसरे पक्ष को बेच दिया।

# मुंबई: ठंड में गर्मी का अहसास कराएंगी पूर्व की हवाएं!

## 37 डिग्री तक पहुंच सकता है मुंबई का पारा...





**मुंबई:** ठंड के मौसम में मुंबईकरों को गर्मी का अहसास हो सकता है। मुंबई का दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आगामी 2 से 3 दिनों तक गर्मी अधिक रहने का पूवार्नुमान मौसम विशेषज्ञों ने लगाया है। पूर्व से आने वाली गर्म हवाएं मुंबई के तापमान को बढ़ाएंगी। पिछले 3 दिनों से मुंबई के तापमान में वृद्धि देखने को मिली है। पिछले सप्ताह मुंबई का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन रविवार से ही तापमान में वृद्धि देखने को मिली। क्षेत्रीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को मुंबई का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन अब दिन में और भी गर्मी बढ़ेगी।

### रात के तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञ ऋषिकेश आग्रे ने बताया कि आगामी दो दिनों में मुंबई का अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। इस सप्ताह के अंत से रात में थोड़ी ठंड होगी। मौसम विभाग के अनुसार, 2 जनवरी को 37 डिग्री सेल्सियस और 3 तारीख को 36 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच सकता है। वहीं, न्यूनतम पारा लुढ़ककर 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को फटकार... निवेशकों को असमंजस में रखकर जांच को सालों तक नहीं टाला जा सकता

**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को महाराष्ट्र जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम के तहत एक ''धोखाधड़ी'' मामले की उचित जांच में हुए विलंब के लिए कड़ी फटकार लगाई।

हाईकोर्ट ने कहा कि किसी आपराधिक मामले में जांच को वर्षों तक लटकाए रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिससे निवेशक असमंजस में रहें।

जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज के चव्हाण की खंडपीठ ने मामले के सुनवाई



के दरमियान जानना चाहा कि क्या ईओडब्ल्यू उक्त मामले की जांच में 'गंभीर' थी, क्योंकि उसने अक्टूबर 2020 में दर्ज किए गए मामले के बावजूद आरोपपत्र दाखिल नहीं किया। कोर्ट ने यह देखते हुए कि यह एक ''क्लासिक मामला है, जिसमें मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने निवेशकों को निराश किया है'', अपने 17 दिसंबर के आदेश में कहा, ''हम इस बात से बेहद नाखुश हैं कि जिस तरह से ईओडब्ल्यू, मुंबई ने आरोपियों के खिलाफ एक बुनियादी आरोपपत्र दाखिल करने में चार साल लगा दिए।

# नवी मुंबई हवाई अड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र के विकास को गति



**नवी मुंबई :** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के चालू होने की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ, महाराष्ट्र के शहर और औद्योगिक विकास लिमिटेड (सिडको) ने नवी मुंबई हवाई अड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र (एनएआईएनए) के विकास को गति दी है, जिससे रायगढ़ जिले और बड़े मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनएएमआईए का उद्घाटन अप्रैल 2025 के मध्य में होने की उम्मीद है।

तीसरा मुंबई, जैसा कि इसे अक्सर संदर्भित किया जाता है, मुंबई और नवी मुंबई की सैटेलाइट टाउनशिप के बाद एक मेगा सिटी होगा। विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने और एक सुव्यवस्थित विकास प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, सिडको ने अपने विभिन्न विभागों, जिनमें टाउन प्लानिंग, परिवहन योजना, भवन अनुमति, इंजीनियरिंग, भूमि और सर्वेक्षण, और सीसीयूसी शामिल हैं, को अभिनव टाउन प्लानिंग योजना के तहत नैना परियोजना पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जुटाया है। यह लैंड पूलिंग मॉडल विकसित मूल भूमि के 40 प्रतिशत हिस्से को अंतिम भूखंडों के रूप में भूस्वामियों को प्रदान करता है, जिसमें मौजूदा संरचनाओं को यथासंभव बनाए रखने का प्रयास किया जाता है। सिडको के अधिकारियों ने कहा, ''यह लोगों के विस्थापन से बचने के लिए संवेदनशीलता के साथ की गई एक मैत्रीपूर्ण पहल है।''

# कल्याण : एमएमआरडीए ने विट्ठलवाडी से पाम होटल तक 2.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड फ्लाइओवर पर काम शुरू किया



**कल्याण :** मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने विट्ठलवाडी से पाम होटल तक 2.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड फ्लाइओवर पर काम शुरू किया है। यह फ्लाइओवर कल्याण और आस-पास के शहरों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एमएमआरडीए ने प्रस्तावित फ्लाइओवर के लिए भू-तकनीकी जांच शुरू दी है।

इस एलिवेटेड फ्लाइओवर के निर्माण से उल्हासनगर और अंबरनाथ से कल्याण आने वाला ट्रैफिक मुख्य शहर में प्रवेश नहीं कर पाएगा, बल्कि बिरला कॉलेज रोड के माध्यम से एलिवेटेड फ्लाइओवर के माध्यम से बाहर निकल जाएगा। कल्याण में तीन फ्लाइओवर - वालधुनी रेल फ्लाइओवर, शहाड रेल फ्लाइओवर और एफ केबिन रेल फ्लाइओवर- पर ट्रैफिक कम हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट की लागत 700 करोड़ रुपये है, जिसके लिए एमएमआरडीए ने निजी कंपनी को ठेका दिया है। कल्याण-मुरबाड रोड पर पाम होटल के लिए काम शुरू हो गया है। एमएमआरडीए के एक अधिकारी ने बताया कि केडीएमसी ने प्रोजेक्ट के लिए 70 फीसदी भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो एलिवेटेड फ्लाइओवर का काम 30 महीने में पूरा हो जाएगा। केडीएमसी के कार्यकारी अभियंता जगदीश कोरे ने बताया कि फिलहाल, उल्हासनगर और अंबरनाथ से कल्याण होते हुए नासिक, मुंबई और ठाणे की ओर जाने वाले अधिकांश लोग वालधुनी या शहाड रेलवे फ्लाइओवर से गुजरते हैं, जिसके कारण यहां भीड़ रहती है। यह एलिवेटेड फ्लाइओवर बन जाने के बाद ट्रैफिक कम हो जाएगा।

# महाराष्ट्र में एटीएस का एक्शन, 9 बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नौ बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने और बिना उचित दस्तावेजों के देश में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने एक विशेष अभियान के तहत एटीएस ने 19 मामलों में 43 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि यह कार्रवाई मुंबई, नासिक, नादेड़ और छत्रपति संभाजीनगर में पिछले चार दिनों में स्थानीय पुलिस की मदद से की गई। गिरफ्तार किए गए नौ बांग्लादेशी नागरिकों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आधार कार्ड बनवाए थे।

# भारतीय रेलवे की ओर से ईयर एंड रिव्यू में बुलेट ट्रेन के काम की डिटेल साझा की



**मुंबई:** वो दिन दूर नहीं जब मुंबई से अहमदाबाद की दूरी सिर्फ 3 घंटों में पूरी होगी. यानी ब्रेकफास्ट अहमदाबाद में तो लंच मुंबई में कर सकेंगे. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है. 13 नदियों, कई राज्यमार्गों पर पुल बनाए जा रहे हैं. इसमें कई रेलवे लाइनों को 7 स्टील और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट पुलों के जरिए पार किया जाएगा. सूरत में बनने वाला बुलेट ट्रेन के स्टेशन का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है, जिसकी एक झलक भी सामने आई है. हाल ही में भारतीय रेलवे की ओर से ईयर एंड रिव्यू में बुलेट ट्रेन के काम की डिटेल साझा की गई है. ट्रेन का काम कहां तक पहुंचा है इसकी जानकारी साझा की गई है. रिव्यू में बताया गया है प्रोजेक्ट के अंतर्गत 243 किलोमीटर से ज्यादा पुल निर्माण का काम पूरा हो चुका है. 352 किलोमीटर पियर कार्य और 362 किलोमीटर पियर नींव का काम पूरा हो चुका है. गुजरात में ट्रैक निर्माण का काम तेजी से किया जा रहा है. आनंद, वडोदरा, सूरत और नवसारी में आरसी ट्रैक बेड का काम किया जा रहा है. करीब 71 किमी का आरसी ट्रैक का काम पूरा हो चुका है.

महाराष्ट्र में मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए पहला कंक्रीट बेस स्लैब 32 मीटर की गहराई पर सफलतापूर्वक डाला जा चुका है. 10 मंजिला इमारत के बराबर बनने वाले इस रेलवे स्टेशन को तेजी से पूरा किया जा रहा है. वहीं सूरत में तीन मंजिला प्लेटफॉर्म का काम लगभग पूरा होने के करीब है. बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिल्पाता के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग पर काम भी शुरू हो चुका है. गुजरात में एकमात्र पर्वतीय सुरंग पहले ही सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है. रेलवे के रिव्यू के मुताबिक इस कॉरिडोर पर 12 स्टेशन हैं, जिन्हें थीम बेस्ड बनाया जा रहा है. बुलेट ट्रेन के स्टेशन यूजर फ्रेंडली और ऊर्जा-सकारात्मक स्टेशन होंगे.

भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है. सरकार चालती है साल साल 2026 तक देश में बुलेट ट्रेन की शुरूआत हो जाए, लेकिन प्रोजेक्ट में बार-बार देरी हो रही है. इस देरी की वजह से भारत सरकार अब जापान के अलावा दूसरे देशों से भी बात कर रही है.

## बुलेट ट्रेन बनाने में कितना खर्च

इस प्रोजेक्ट की कमान नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के हाथ में है. बुलेट ट्रेन परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 1.08 लाख करोड़ रुपये है. बता दें कि भारत में बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 350 किमी प्रति घंटे की होगी. मुंबई से अहमदाबाद की 508 किमी की दूरी को यह ट्रेन 3 घंटे से भी कम समय में तय करेगी. केंद्र सरकार इस ट्रेन को 2026 में शुरू करना चाहती है.

# रेलवे ट्रैक टूटने से विरार-नालासोपारा लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित




**विरार :** नालासोपारा रेलवे रूट पर मुंबई की ओर जाने वाली फास्ट लाइन पर ट्रैक मुड़ने (बकलिंग) के बाद बड़ा व्यवधान उत्पन्न हो गया है, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ट्रैक मुड़ने के कारण मुंबई की एक एसी लोकल ट्रेन और एक सामान्य लोकल ट्रेन में देरी हुई. विरार-नालासोपारा रूट पर एक सामान्य लोकल ट्रेन के अलावा दोपहर 12:45 बजे विरार से रवाना होने वाली एसी लोकल को रोक दिया गया.

सेवाएं बाधित होने के कारण कई यात्री फंस गए. ट्रैक प्रभावित होने के कारण रूट की सभी लोकल ट्रेनों को धीमी लाइन पर डायवर्ट कर दिया गया है. अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम रेलवे के अधिकारी इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन मरम्मत पूरी होने तक व्यवधान जारी रहने की उम्मीद है.

पश्चिमी रेलवे ने गुरुवार को जानकारी दी कि वह नए साल की पूर्व संध्या 2024 पर आठ विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलाएगा. पहली नए साल की पूर्व संध्या 2024 विशेष ट्रेन 1 जनवरी को चर्चगेट से 1.15 बजे रवाना होगी और 2.55 बजे विरार पहुंचेगी, इसके बाद चर्चगेट से विरार के लिए एक और लोकल ट्रेन चलेगी. यह 2 बजे रवाना होगी और 3.40 बजे विरार पहुंचेगी. तीसरी ट्रेन चर्चगेट से 2.30 बजे रवाना होगी और 4.10 बजे विरार पहुंचेगी और आखिरी विशेष ट्रेन 3.25 बजे रवाना होगी और 5.05 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचेगी. पहली नववर्ष की पूर्व संध्या 2024 स्पेशल ट्रेन 1 जनवरी को सुबह 12.15 बजे विरार से रवाना होगी और 1.52 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. इसके बाद एक और ट्रेन विरार से 12.45 बजे रवाना होगी और 2.22 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. तीसरी स्पेशल ट्रेन विरार से 1.40 बजे रवाना होने के बाद 3.17 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. ये सभी स्पेशल ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी.

# ठाणे में दो पुलिसकर्मियों पर रिश्वत मांगने का मामला दर्ज

**ठाणे :** ठाणे में दो पुलिसकर्मियों पर रिश्वत मांगने का आरोप दर्ज किया गया है। मामले में अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ठाणे जिले के मुरबाद पुलिस थाने के एक इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन




दोनों पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से उसके रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत में पक्ष लेने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की।

वहीं मामले में एसीबी ने एक बयान में बताया कि इंस्पेक्टर ने कांस्टेबल के जरिए व्यक्ति से पैसे मांगे थे। इसके बाद, व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की। जांच के बाद, एसीबी ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com